अध्यक्ष महोदय

सत्यमेव जयते

असंशोधित

21 JUL 2000

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

---

(भाग १—कार्यवाही—प्रश्नोत्तर)

बि० स० मु० (एल० ए०) 115—मोनो—500—10-3-2000—

तारांकित प्रश्न संख्या-२२४५

श्री शकुनी चौधरी(मंत्री): उत्तर अंशतः स्वीकारात्मक है । भागलपुर जिला अंतर्गत कहलगांव प्रखंड में रिशा गांव में . अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र वर्ष ९२-९३ से किराये के मकान में चल रहा है ।

२- उत्तर अस्वीकारात्मक है ।

३- जमीन उपलब्ध होने पर भवन निर्माण हेतु कार्रवाई की जायेगी।

श्री शोभा कांत मंडल: अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी को अवगत कराना चाहता हूं कि वहां पर बिहार सरकार की काफी भूमि उपलब्ध है और वह जमीन अभी वहां जनता के काम में आ रही है । और सारे लोग उस जमीन को स्वेच्छा से देना चाहते हैं तो जमीन उपलब्ध नहीं होने का प्रश्न नहीं उठता है । जमीन लोगों ने अपने कब्जे में किया है और बिहार सरकार की जमीन को सारे लोग जनहित में स्वास्थ्य केन्द्र के लिये : छोड़ने के लिये तैयार हैं । क्या मंत्री महोदय उस भूखंड पर भवन निर्माण करायेंगे ?

श्री शकुनी चौधरी(मंत्री): कोई ऐसी रिपोर्ट प्राप्त नहीं है कि जमीन उपलब्ध है ।

अध्यक्ष: मा० मंत्री, जिला पदाधिकारी से रिपोर्ट प्राप्त कर लें । सरकारी जमीन है तो भवन निर्माण कराने की व्यवस्था करें ।

श्री शोभाकांत मंडल: समय सीमा निर्धारित की जाती तो अच्छा रहता ।

तारांकित प्रश्न संख्या- २२४६

श्री शकुनी चौधरी(मंत्री): १- उत्तर स्वीकारात्मक है ।

२- उत्तर स्वीकारात्मक है ।

३- एक्स-रे मशीन खराब थी जिसे ठीक करा दिया गया है । वोल्टेज की कमी के कारण एक्स-रे चालू नहीं हो पाया । विद्युत बोर्ड को वोल्टेज की गड़बड़ी दूर करने हेतु लिखा जा चुका है ।

अध्यक्ष: माननीय सदस्य, एक्स-रे मशीन ठीक करा दी गयी है , वोल्टेज नहीं मिल रहा है, आप मिलकर मंत्री जी से बात कर लीजियेगा और माननीय